Title: Reported conversion being made by Christian missionaries in the interior areas of Andhra Pradesh.

**श्री सुरेश रामराव जाधव :** सभापति जी, मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं। पूरे देश में विशेतः आन्ध्र प्रदेश में हिन्दुओं का ईसाई धर्म में धर्मान्तरण बड़े पैमाने पर हो रहा है।

मैं अभी आंध्र प्रदेश का इंचार्ज हूं। मैंने आंध्र प्रदेश के 23 जिलों में से 18 जिलों का दौरा किया है। आंध्र प्रदेश में ईसाई मिशनरीज धन, नौकरी और विवाह का लालच देकर गरीब हिन्दुओं का धर्मांतरण कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश में यह बड़े पैमान पर हो रहा है। हमारी आपसे मांग है कि इसको रोकने की तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। जैसे सुश्री जयललिता जी ने तमिलनाडु में एक्ट बनाया है, उसी तरह केन्द्र सरकार इसमें इंटरवीन करे और एक कम्प्रीहैन्सिव लॉ बनाकर हिन्दुओं के धर्मांतरण को रोकने की कोशिश करे।